# लेकर हनुमान जी बानर की टोली | By Jai Shankar Chaudhary |

लेकर हनुमान जी बानर की टोली
पहुंचे अयोध्या खेलने होली
पीछे-पीछे भागे हनुमान
के आगे-आगे राम लला
आगे-आगे राम लला
के आगे-आगे राम लला
पीछे-पीछे भागे हनुमान
के आगे-आगे राम लला

छोटे-छोटे पाँवों से भाग नहीं पाए
हे मइया हे मइया राम जी चिल्लाए
सारे महल में मच गया हल्ला
रोने लगा है दशरथ का लल्ला
शिव जी की देखो मुस्कान
के आगे-आगे राम लला
आगे-आगे राम लला
के आगे-आगे राम लला
पीछे-पीछे भागे हनुमान
के आगे-आगे राम लला

भागे दशरथ जी, सर पे हाथ फिराया
मइया कौशल्या ने गोद में उठाया
चुप हो जा लल्ला, कहे घबराए
होली खेलेंगे और वापस जाएं
आए हैं बन के मेहमान
के आगे-आगे राम लला
आगे-आगे राम लला
के आगे-आगे राम लला
पीछे-पीछे भागे हनुमान
के आगे-आगे राम लला

मेरा लल्ला है छोटा, तुमसे है डरता
होली खेलने की इससे जिद्द कहे करता
लल्ला हमारा बड़ा हो जाए
अपने पाँव पे खड़ा हो जाए
अबकी अबकी कहना मेरा मान
के आगे-आगे राम लला
आगे-आगे राम लला
के आगे-आगे राम लला
पीछे-पीछे भागे हनुमान
के आगे-आगे राम लला

मौका बढ़िया था मारी कस के पिचकारी
भीगे श्रीराम, भीगी मइया की साड़ी
ये भी था लल्ला, वो भी था लल्ला
दोनों ने पकड़ा मइया का पल्ला
"बंवारी" दोनों थे समान

के आगे-आगे राम लला
आगे-आगे राम लला
के आगे-आगे राम लला
पीछे-पीछे भागे हनुमान
के आगे-आगे राम लला

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b2%e0%a5%87%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%b9%e0%a4%a8%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%a8-%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a4%b0-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%9f%e0%a5%8b%e0%a4%b2/